साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में करियर के साथ देश की सेवा का भी मौका

संदेश अभियान में एडीजी कपूर ने छात्रों को किया जागरूक

स्कूल में हुई कार्यशाला में छात्रों व फैकल्टी को संबोधित करते एडीजी नारकोटिक्स कपूर।

भास्कर संवाददाता | इंदौर

वर्तमान में मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। इसके साथ ही साइबर अपराध भी बढ़े हैं। इनसे निपटने के लिए जागरूकता जरूरी है। वहीं साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी खुल रहे हैं। विद्यार्थी इस क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। साइबर लॉ, अनुसंधान के क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेकर विद्यार्थी अच्छी नौकरी के साथ ही देशसेवा भी कर सकते हैं।

ये बातें शुक्रवार को एडीजी नारकोटिक्स वरुण कपूर ने कही। वे श्रीराम सेंटेनियल स्कूल में छात्रों और फैकल्टी को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'संदेश' अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। उन्होंने साइबर अपराध के दुनिया में प्रभाव, उसे रोकने के उपाय, काल्पनिक दुनिया में सुरक्षित गतिविधि संचालित करने के टिप्स भी दी।

उन्होंने कहा- सोशल साइट्स, बैंक, बीमा, हवाई-बस-रेल यात्रा, शासकीय कार्य सहित हर क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग हो रहा है। लोगों में जागरूकता की कमी के कारण वे जाने-अनजाने में साइबर अपराध के शिकार हो जाते हैं। जागरूकता से ही इससे बच सकते हैं। कार्यशाला में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के साथ आईटी एक्ट की भी जानकारी दी गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो छात्र तथ्य सचदेव व राज गुप्ता को एडीजी कपूर ने प्रमाण-पत्र और गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया।